Visit www.ncerthelp.com For All NCERT solutions,
CBSE sample papers, Question papers, Notes for Class 6 to 12
NcertHelp
© www.ncerthelp.com

Oyydr-82

Please check total printed pages before start:- 7

रोल नं. 0 0 1 2

# संकलित परीक्षा द्वितीय सत्र - 2014 -15

## विषय - हिन्दी

## कक्षा - आठवीं

**समय-2½ घंटे+ ½ घण्टा (मुक्तपाठ्य वस्तु हेतु)** **पूर्णांक-60**

**खण्ड-क** अंक-10

नोट -

सभी प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सुन्दर स्वच्छ लिखावट में उत्तर दीजिये-

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए विकल्पों से सही विकल्प चुनकर लिखिए $1 \times 5 = 5$

परिश्रम का महत्व वे जानते हैं जो स्वयं अपने बल पर आगे बढ़े हैं। संसार के अनेक महापुरुष परिश्रम के प्रमाण हैं। कालिदास, तुलसीदास, टैगोर और गोरकी परिश्रम से ही अमर हुए।

संसार के इतिहास में अनेक चमकते सितारे केवल परिश्रम के ही प्रमाण हैं। बड़े बड़े धन कुबेर निरंतर श्रम से ही असीम संपत्ति के स्वामी बने हैं। फोर्ड साधारण मैकेनिक था और धीरू भाई अम्बानी शिक्षक थे। लगन और दृढ़ संकल्प परिश्रम को सार्थक बना देते हैं। गरीबी के साथ परिश्रम जुड़ तो सफलता मिलती है और अमीरी के साथ श्रम हीनता या निठल्लापन आ जाए तो असफलता मुँह बाए खड़ी रहती है।

भारतीय कृषक के परिश्रम का ही फल है कि देश में हरित क्रांति हुई। अमेरिका के सड़े गेहूँ से पेट भरने वाला देश आज गेहूँ का निर्यात कर रहा है। कल कारखाने रात दिन उत्पादन कर रहे हैं। हमारे वस्त्र दुनिया के बाजारों में बिकते हैं। उन्नत औद्योगिक देश भी हमसे वैज्ञानिक उपकरण खरीद रहे हैं। विद्यार्थी जीवन तो परिश्रम की पहली पाठशाला है। यहाँ से परिश्रम की आदत पड़ जाए तो ठीक अन्यथा जाने कहाँ कहाँ की ठोकरे खानी पड़ें।

[P.T.O.]

Please Visit www.ncerthelp.com For Video lectures of all subjects Class 9 to 12

Visit www.ncerthelp.com For All NCERT solutions,
CBSE sample papers, Question papers, Notes for Class 6 to 12
NcertHelp
© www.ncerthelp.com



एडिसन से किसी ने कहा- आपकी सफलता का कारण आपकी प्रतिभा हैं। एडिसन ने इसे चटपट सुधारा। प्रतिभा का मतलब एक औंस बुद्धि और एक टन परिश्रम।

1. इस गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक है -
   1. सफलता और पुरुषार्थ
   2. परिश्रम सफलता का आधार है
   3. परिश्रम की आवश्यकता
   4. सफलता के लिए परिश्रम आवश्यक
2. एडिसन के अनुसार मनुष्य की सफलता के लिए सबसे अधिक क्या चाहिए-
   1. परिश्रम
   2. बुद्धि
   3. भाग्य
   4. प्रतिभा
3. परिणामवाचक विशेषण चुनिए -
   1. एक टन
   2. एक
   3. दूसरा
   4. अनेक
4. परिश्रम की आदत कहाँ से डालनी चाहिए -
   1. जन्म से
   2. छात्र जीवन से
   3. विवाह के बाद
   4. नौकरी मिलने पर
5. फोर्ड निम्नलिखित में से क्या थे -
   1. साधारण शिक्षक
   2. कृषक

[P.T.O.]

© www.ncerthelp.com
Please Visit www.ncerthelp.com For Video lectures of all subjects Class 9 to 12

Visit www.ncerthelp.com For All NCERT solutions,
CBSE sample papers, Question papers, Notes for Class 6 to 12
NcertHelp
© www.ncerthelp.com



3. मैकेनिक

4. साधारण मैकेनिक

2. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यान से पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के लिए सही विकल्प चुनिए - 1×5=5

चिलचिलाती धूप को जो चाँदनी देवे बना
काम पड़ने पर करे जो शेर का भी सामना,
जो कि हँस-हँस कर चबा लेते हैं लोहे का चना,
है कठिन कुछ भी नहीं जिनके है जी में यह ठना
कोस कितना ही चलें पर वे कभी थकते नहीं,
कौन सी है गाँठ जिसको खोल वे सकते नहीं
संकटों से वीर घबराते नहीं, आपदाएं देख छिप जाते नहीं
लग गए जिस काम में पूरा किया, काम करके व्यर्थ पछताते नहीं
हो सरल या कठिन हो रास्ता, कर्मवीरों को न इससे वास्ता
बढ़ चले तो अंत तक ही बढ़ चले कठिनतर गिरि श्रृंग ऊपर चढ़ चले।।

1. काव्यांश में वर्णन है -

1. परिश्रमी मानव का
2. चिलचिलाती धूप का
3. चांदनी रात का
4. शेर चीतों का

2. चिलचिलाती धूप को चाँदनी बनाने का अर्थ है -

1. कठिन को सरल बनाना
2. जादू का प्रयोग करना
3. सरल को कठिन बनाना
4. दिन को रात में बदलना

[P.T.O.]

Please Visit www.ncerthelp.com For Video lectures of all subjects Class 9 to 12

Visit www.ncerthelp.com For All NCERT solutions,
CBSE sample papers, Question papers, Notes for Class 6 to 12
NcertHelp
© www.ncerthelp.com


जान आई और रक्षा पाने के लिए तुम्हारे हाथ पर कूद पड़ी।

1. बूँद कितने दिन तक साँसत भोगती रही?
2. बूँदों को उड़ने की शक्ति कौन देते हैं?
3. बूँद ने रात कहाँ बितायी?
4. इस गद्यांश के लेखक कौन हैं?

4. निम्नलिखित काव्यांशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर लिखिए – 1×4=4

कछु भाभी हमको दियो, सो तुम काहे न देत।
चाँपि पोटरी काँख में रहे कहो केहि हेतु
आगे चना गुरू मातु दए ते लए तुम चाबि हमें नहि दीने।
स्याम कह्यो मुसकाय सुदामा सो, चोरी की बान में हौ जु प्रवीने।।
पोटरि काँख में चाँपि रहे तुम खोलत नाहि सुधारस भीने
पाछिली बानि अजौ न तजो तुम तैसई भाभी के तंदुल कीन्हे।।

1. सुदामा की पत्नी ने उपहार स्वरूप कुछ दिया था पोटली में वह क्या था?
2. चोरी की बान में हौं जू प्रवीने- चोरी करने में कौन प्रवीन है?
3. प्रस्तुत काव्यांश के रचयिता कौन हैं?
4. गुरूमाता कृष्ण और सुदामा को खाने के लिए क्या-क्या देती थी?

5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 2×4=8

1. पहला बोलता सिनेमा बनाने के लिए फिल्मकार अर्देशिर एम॰ ईरानी को प्रेरणा कहाँ से मिली? उन्होंने आलमआरा फिल्म के लिए आधार कहाँ से लिया? विचार व्यक्त कीजिए।
2. शुरूआत में पुरुषों ने साइकिल आंदोलन का विरोध किया परंतु आर॰ साइकिल्स के मालिक ने इसका समर्थन किया क्यों?
3. बिलवासी जी ने रुपयों का प्रबंध कहाँ से किया था और कैसे?
4. बालक श्री कृष्ण किस लोभ के कारण दूध पीने के लिए तैयार हुए?

[P.T.O.]

© www.ncerthelp.com

Please Visit www.ncerthelp.com For Video lectures of all subjects Class 9 to 12

Visit www.ncerthelp.com For All NCERT solutions,
CBSE sample papers, Question papers, Notes for Class 6 to 12
NcertHelp
© www.ncerthelp.com



3. असंभव को संभव बना लेने के लिए किस गुण की आवश्यकता होती है –

क. परिश्रम की

ख. अच्छाई की

ग. भलाई की

घ. सुन्दरता की

4. हँस-हँस कर लोहे के चने चबाना कविता में किस अर्थ में प्रयुक्त हुआ है –

क. चने के दाने चबाना

ख. हमेशा हँसते रहना

ग. लोहार का काम करना

घ. असंभव को संभव बनाना

5. इस कविता का शीर्षक है –

क. वीर

ख. साहसी

ग. कर्मवीर

घ. युद्धवीर

© www.ncerthelp.com

**खण्ड-ग** अंक-20

3. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए – 1x4=4

मैं लगभग तीन दिन तक यहाँ साँसत भोगती रही। मैं पत्तों के नन्हें- नन्हें छेदों से होकर जैसे तैसे जान बचाकर भागी मैंने सोचा था कि पत्ते पर पहुँचते ही उड़ जाऊँगी, परन्तु बाहर निकलने पर ज्ञात हुआ कि रात होने वाली है और सूर्य जो हमें उड़ने की शक्ति देते हैं जा चुके हैं और वायु मंडल में इतने जलकण उड़ रहे हैं कि मेरे लिए वहाँ स्थान नहीं है तो मैं अपने भाग्य पर भरोसा कर पत्तों पर ही सिकुड़ी पड़ी रही अभी जब तुम्हें देखा तो जान में

[P.T.O.]

Please Visit www.ncerthelp.com For Video lectures of all subjects Class 9 to 12

Visit www.ncerthelp.com For All NCERT solutions,
CBSE sample papers, Question papers, Notes for Class 6 to 12
NcertHelp
© www.ncerthelp.com


6. स्वामी रामकृष्ण परमहंस और दयानंद सरस्वती ने समाज में बहुत से सुधार किए। आप अपने समाज में क्या-क्या सुधार लाना चाहते हैं? 4

**खण्ड-ख**

अंक-10

7. निम्नलिखित मुहावरों से वाक्य बनाइए -
   1. आँखों से ओझल होना 2
   2. अंतिम साँस गिनना

8. क. निम्नलिखित प्रत्ययों से दो-दो शब्द बनाइए -
   प्रद, दाता 2

   ख. निम्नलिखित शब्दों के (दो-दो) समानार्थक शब्द लिखे -
   मधुकर, सूर्य, चंद्रमा 3

9. निम्नलिखित उपसर्गों से दो-दो शब्द बनाइए -
   वि, प्र, अ 3

**खण्ड-घ**

अंक-20

10. निम्नलिखित में से कोई एक पत्र लिखिए - 5

बड़े भाई के विवाह में शामिल होने के लिए अवकाश हेतु अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र लिखिए।

या

अनुशासन का महत्त्व बताते हुए अपने छोटे भाई को एक पत्र लिखिए।

11. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर सौ शब्दों में निबंध लिखिए। 5
   क. विज्ञान के वरदान
   ख. सिनेमा के लाभ एवं हानियाँ
   ग. समाचार पत्रों के लाभ
   घ. दीपों का पर्व दीपावली



Please Visit www.ncerthelp.com For Video lectures of all subjects Class 9 to 12

Visit www.ncerthelp.com For All NCERT solutions,
CBSE sample papers, Question papers, Notes for Class 6 to 12
NcertHelp
© www.ncerthelp.com



2. मुक्त पाठ्यवस्तु (OTBA) पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 10

नोट – एक ही भाग के दोनों प्रश्न करने है।

क. अनुशासन का अर्थ क्या है? अनुशासन का अर्थ शिक्षा में सबसे अधिक है कैसे?

ख. अनुशासन सफलता की पहली सीढ़ी है। स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

क. मोटापा स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है? स्पष्ट कीजिए।

ख. बच्चों में मोटापा न बढ़े इसके लिए आप क्या सावधानियाँ बरतेंगें?

*****************

© www.ncerthelp.com

Please Visit www.ncerthelp.com For Video lectures of all subjects Class 9 to 12